Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to accord B-2 category status to Udaipur city, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मैं अपने संसदीय क्षेत्र के उदयपुर शहर की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ। पूर्व में उदयपुर शहर के नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या लगभग 4 लाख 51 हजार 200 थी। वर्ष 2001 को सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार उदयपुर शहर की जनसंख्या में 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई थी। इस वृद्धि दर को यदि आधार माना जाए तो वर्ष 2016 तक जनसंख्या में लगभग 5 लाख का पार कर चुकी है तथा उदयपुर शहर के पेरीफेरी 34 राजस्व ग्रामों को यू.आई.टी. क्षेत्र में माना गया है, इन ग्रामों की जनसंख्या व उनमें भी वर्ष 2016 तक हुई वृद्धि को जोड़ा जाए तो जनसंख्या लभगग 7.50 लाख से ऊपर जाती है तथा 2001 से वर्तमान 2018 तक हुई वृद्धि को यदि आधार माना जाये तो उदयपुर शहर "बी-2 श्रेणी" का हक रखता है। अतः मैं, सरकार से मांग करता हूँ कि वर्ष 2001 से वर्ष 2018 तक उदयपुर शहर में हुई जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उदयपुर शहर को अतिशीघ्र "बी-2" श्रेणी का दर्जा दिया जाये जिससे यहां के सरकारी कर्मचारियों एवं आम जनता को "बी-2" के सभी लाभ प्राप्त हो सकें।